मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने लॉकडाउन के चलते देश के दूसरे राज्यों से बिहार लौटे लोगों के लिए रोजगार के अवसर मुहैया कराने का दिया आदेश

पूर्वी चंपारण में स्वस्थ होने वाले कोरोना मरीजों का आंकड़ा पहुंचा राष्ट्रीय औसत के नजदीक

मोतिहारी शहर में ब्रेन का सफल ऑपरेशन के साथ ही ब्रेन चिकित्सा का एक नया अध्याय शुरु

बिहार में आज सुबह से शाम तक सियासी गहमा-गहमी रहेगी, बीजेपी से गृह मंत्री अमित शाह वर्चुअल रैली करेंगे तो राजद थाली पीटकर मजदूर अधिकार दिवस मनाएंगे, वहीं वाम दलों का धिक्कार दिवस व धरना

NEWS TODAY Update
www.newstodayupdate.in

# युवराज न्यूज़ टुडे

आपकी आवाज

RNI:- BIHHIN05409

राष्ट्रीय हिन्दी पाक्षिक

वर्ष : 06 अंक : 09+07 तिथि : 07 जून 2020 मूल्य : निःशुल्क प्रधान संपादक : डा. राजेश अस्थाना – 9471005272, 8210595830

email: newstodaymth@gmail.com website : newstodayupdate.in

रजि० कार्यालय : अष्ठाना निवास, मठिया जिरात, मोतिहारी-845401

समाचार एवं विज्ञापन के लिए संपर्क करें- 9471005272

## न्यूज़ टुडे लॉक डाउन स्पेशल रोजाना अंक

## मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने लॉकडाउन के चलते देश के दूसरे राज्यों से बिहार लौटे लोगों के लिए रोजगार के अवसर मुहैया कराने का दिया आदेश






अच्छी पहल

डा. राजेश अस्थाना,
एडिटर इन चीफ,

बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने लॉकडाउन के चलते देश के दूसरे राज्यों से बिहार लौटे लोगों के लिए रोजगार के अवसर मुहैया कराने का आदेश दिया है। नीतीश ने गुरुवार को ग्रामीण कार्य विभाग को निर्देश दिया कि ग्रामीण संपर्क योजना एवं मेंटेंनेंस के लिए बिहार ग्रामीण पथ अनुरक्षण नीति के अंतर्गत पड़ने वाली सड़कों के काम में तेजी लाएं। मुख्यमंत्री ने ग्रामीण आवास संबंधित कार्यों में तेजी लाने के लिए भी ग्रामीण विकास विभाग को निर्देश दिया है। उक्त जानकारी सूचना जन–सम्पर्क विभाग के सचिव अनुपम कुमार ने दी।

अनुपम कुमार ने कोरोना से संबंधित जानकारी देते हुए कहा कि अभी 10 हजार 7 सौ 39 ब्लाक क्वारंटाइन सेंटर में 3 लाख 72 हजार 2 सौ 22 लोग रह रहे हैं। अब तक ब्लाक क्वारंटाइन सेंटर में कुल 15 लाख 3 हजार 8 सौ लोग रहे, इनमें से 11 लाख 31 हजार 5 सौ 78 लोगों के क्वारंटाइन पीरियड पूरा होने के बाद डिस्चार्ज किया जा चुका है।

उन्होंने बताया कि लॉकडाउन के कारण बिहार के बाहर फंसे बिहार के 20 लाख 71 हजार 4 सौ 62 आवेदकों के खाते में 1000 रुपए की राशि भेज दी गई है। यह राशि मुख्यमंत्री विशेष सहायता के तहत मुख्यमंत्री राहत कोष से दी जाती है। 1 करोड़ 41 लाख राशनकार्डधारी परिवारों के खाते में अब तक 1000 रुपए की सहायता राशि दी जा चुकी है। वहीं 22 लाख चिह्नित राशन कार्ड विहीन परिवारों के खाते में भी 1000 रुपए की सहायता राशि भेजी जा चुकी है। आज 9 श्रमिक स्पेशल ट्रेनों से बिहार के बाहर से 14 हजार 8 सौ 50 श्रमिक आ रहे हैं। शुक्रवार को 8 श्रमिक स्पेशल ट्रेनों से 13 हजार 2 सौ श्रमिक वापस आएंगे।

## पूर्वी चंपारण में स्वस्थ होने वाले कोरोना मरीजों का आंकड़ा पहुंचा राष्ट्रीय औसत के नजदीक



कोरोना स्पेशल




आशीष राज,
स्थानीय संपादक,

पूर्वी चंपारण जिले में कोरोना संक्रमित मरीजों की संख्या 100 के पार चली गई है, जिले में कुल संक्रमित मरीजों की संख्या 120 है. लेकिन कोरोना को मात देकर स्वस्थ होने वालों का आंकड़ा भी संतोष जनक है. जिले में अबतक 52 मरीज स्वस्थ होकर अपने घर लौट चुके है, जबकि एक मरीज की मौत हुई है और 67 मरीज अभी आईसोलेशन वार्ड में भर्ती हैं. जिनका इलाज चल रहा है.जिला प्रशासन के अनुसार जिले में स्वस्थ होने वाले मरीजों का आंकड़ा राष्ट्रीय औसत के नजदीक है, लेकिन अगर संक्रमण का दर और स्वस्थ होने वाले मरीजों का आंकड़ा देखा जाए, तो यह 43 प्रतिशत से थोड़ा ज्यादा है. हालांकि कोरोना मरीजों के ठीक होने का राष्ट्रीय औसत 48 प्रतिशत के करीब है.

### स्वस्थ मरीजों का आंकड़ा राष्ट्रीय औसत के नजदीक

डीएम शीर्षत कपिल अशोक ने बताया कि जिले में कोरोना संक्रमित मरीजों की संख्या 100 से ज्यादा है. साथ हीं मरीजों के स्वस्थ होने का आंकड़ा राष्ट्रीय औसत के नजदीक है. डीएम ने कहा कि स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी और आईसोलेशन सेंटर में काम करने वाले कर्मचारियों के प्रयास से जिले में मरीज स्वस्थ होने वाले मरीजों का आंकड़ा बढ़ा हैं.

### 22 अप्रैल को जिला का पहला मरीज हुआ था चिन्हित

बता दें कि 22 अप्रैल को जिले के फेनहारा प्रखंड का रहने वाला युवक पहले कोरोना संक्रमित मरीज के रुप में चिन्हित हुआ था. जिसे शिवहर जिला में क्वॉरेंटाईन किया गया था. उसके बाद लगातार कोरोना से संक्रमित मरीज सामने आने लगे और आंकड़ा 120 तक पहुंच गया. हालांकि, स्थानीय स्तर पर तीन कोरोना मरीज हीं सामने आए हैं. जिनका कोई ट्रैवेल हिस्ट्री नहीं है. बाकी सभी कोरोना संक्रमित मरीज का ट्रैवेज हिस्ट्री है, जो रेड जोन से जिला में आए हुए हैं. जिनमें अधिकतर प्रवासी मजदूर हैं.

## बिहार में आज सुबह से शाम तक सियासी गहमा-गहमी रहेगी, बीजेपी से गृह मंत्री अमित शाह वर्चुअल रैली करेंगे तो राजद थाली पीटकर मजदूर अधिकार दिवस मनाएंगे, वहीं वाम दलों का धिक्कार दिवस व धरना






सियासी गहमा-गहमी

ई. युवराज,
मुख्य कार्यकारी अधिकारी,

बिहार में आज सियासत का सुपर संडे है। सुबह से शाम तक सियासी गहमा–गहमी रहेगी। शाम चार बजे भारतीय जनता पार्टी के पूर्व अध्यक्ष व केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह वर्चुअल रैली (बिहार जनसंवाद) करेंगे। इसके पहले सुबह सुबह 11 बजे मुख्यमंत्री नीतीश कुमार अपनी पार्टी जनता दल यूनाइटेड के वरिष्ठ नेताओं, बूथ अध्यक्षों और सक्रिय कार्यकर्ताओं से बातचीत के छह दिनी कार्यक्रम की शुरुआत करेंगे। उधर, अमित शाह की वर्चुअल रैली के विरोध में राष्ट्रीय जनता दल के कार्यकर्ता एवं समर्थक थाली पीटकर मजदूर अधिकार दिवस मनाएंगे तो वाम दलों ने धिक्कार दिवस व धरना का आयोजन किया है।

### बीजेपी की वर्चुअल रैली को संबोधित करेंगे अमित शाह

गृह मंत्री अमित शाह रविार की शाम चार बजे दिल्ली के बीजेपी राष्ट्रीय मुख्यालय से 'बिहार संवाद' वर्चुअल रैली को संबोधित करेंगे। शाह के मंच पर जहां बिहार के सभी मंत्री मौजूद रहेंगे, वहीं पटना स्थित बीजेपी प्रदेश कार्यालय के अटल बिहारी बाजपेयी सभागार में बने मंच से बिहार प्रभारी भूपेंद्र यादव, उपमुख्यमंत्री सुशील कुमार मोदी और प्रदेश अध्यक्ष संजय जायसवाल संबोधित करेंगे। पटना कार्यालय में पार्टी ने दो बड़े एलईडी स्क्रीन लगाए हैं, जिसे दिल्ली से लिंक दिया गया है। इसी के माधयम से अमित शाह और बिहार के केंद्रीय स्तर के नेता जुड़ेंगे। बाकी लोग अपने घर से ही दिए गए लिंक पर क्लिक करके रैली से जुड़ जाएंगे।

### असली रैली जैसी ही होगी वर्चुअल रैली

बीजेपी भले ही इस रैली को वर्चुअल आयोजित कर रही है, लेकिन सबकुछ असली रैली जैसा ही होगा। जिस तरह से रैली में मंच सजते हैं, उसी तरह दिल्ली और पटना में मंच सजाए गए हैं। दोनों मंचों पर प्रोटोकॉल के मुताबिक छोटे से बड़े नेता बैठेंगे। रैली शुरू होने से पहले स्वागत भाषण से लेकर स्वागत कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएंगे।

### जारी किया रैली का सोशल मीडिया लिंक

बिहार बीजेपी ने रैली में शामिल होने के लिए सोशल मीडिया लिंक भी जारी कर दिए हैं। वाट्सऐप, फेसबुक, एसएमएस, ट्विटर, टेलीग्राम के जरिए वरिष्ठ नेताओं, पदाधिकारियों, जिलाध्यक्षों, मंडल अध्यक्षों के साथ ही बूथ अध्यक्षों को रैली के लिंक भेजे जा रहे हैं।

### पार्टी कार्यकर्ताओं से संवाद करेंगे सीएम नीतीश कुमार

जेडीयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष के रूप में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार (छपजपेी झनउंत) भी रविवार से लगातार छह दिनों तक वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से अपनी पार्टी के नेताओं एवं कार्यकर्ताओं से मुखातिब होंगे। प्रत्येक जिले में बातचीत का सिलसिला अलग–अलग चलेगा। इसके पहले वह कोरोना काल में जेडीयू के प्रखंड व जिलाध्यक्षों से बात कर चुके हैं। बातचीत का सिलसिला सुबह 11 बजे से आरंभ होगा और शाम पांच बजे तक यह कई चरणों में चलेगा।

### कोरोना काल में किए काम की देंगे जानकरी

बातचीत के फॉरमेट के संबंध में यह जानकारी मिली है कि मुख्यमंत्री पार्टी के जमीनी कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों को यह बताएंगे कि कोरोना काल में सरकार ने लोगों के कौन–कौन से काम किए। क्वारंटाइन सेंटर पर किस तरह के इंतजाम रहे। बाहर में फंसे बिहार के लोगों के 20.40 लाख लोगों के बैंक खाते में सरकार ने किस तरह से एक–एक हजार रुपए की राशि भेजी। राशन कार्ड की दिशा में क्या निर्णय हुए और बाहर से आए लोगों के लिए सरकार ने किस तरह से रोजगार की व्यवस्था की है। जमीनी स्तर पर कोरोना संक्रमण को ले लोगों जागरूक करने की दिशा में किस तरह से सक्रियता रखनी है यह भी पार्टी के लोगों को बताया जाएगा। पंचायत स्तर मास्क व साबुन उपलब्ध कराए जाने की योजना के क्रियान्वयन पर नजर रखने की हिदायत भी दी जाएगी।

### वर्चुअल रैली के विरोध में थाली–लोटा पीटेगा आरजेडी

बीजेपी की रैली के विरोध में आरजेडी ने भी समानांतर कार्यक्रम की घोषणा कर रखी है। बिहार विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने अपने कार्यकर्ताओं एवं समर्थकों से ताली एवं थाली पीटकर विरोध जताने का आग्रह किया है। आरजेडी ने अपने कार्यक्रम का नाम दिया है कि मजदूर अधिकार दिवस।

### राजधानी से लेकर गांवों तक विरोध की तैयारी

आरजेडी के प्रदेश प्रवक्ता मृत्युंजय तिवारी के मुताबिक राजधानी से लेकर गांवों तक विरोध की पूरी तैयारी है। आरजेडी प्रवक्ता चितरंजन गगन ने कहा कि रैली के जरिए बीजेपी–जेडीयू अपनी सरकार की नाकामियों को छुपाना चाहते हैं। इसलिए थाली–लोटा और कटोरी बजाकर आरजेडी लोगों को आगाह करना चाहता है कि यह सरकार आम लोगों की विरोधी है।

### पीएम मोदी को उनकी बात याद दिलाएगी पार्टी

युवा आरजेडी के प्रवक्ता अरुण कुमार यादव ने बताया कि कामगारों को अपराधी बताने वाली सरकार के खिलाफ राज्य के प्रत्येक गली–मोहल्ले, टोले, पंचायत, प्रखंड स्तर पर बैनर–पोस्टर और होर्डिंग लगाकर सरकार की सोच को उजागर किया जा रहा है। इस कार्यक्रम को लेकर तेजस्वी यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 22 मार्च को जनता कर्फ्यू के दिन कोरोना योद्धाओं के सम्मान में लोगों से थाली और ताली बजवाई थी। आरजेडी अपने तरीके से उन्हें इसकी याद दिलाएगा।

### धिक्कार दिवस व धरना आयाजित कर रहे वाम दल

अमित शाह की वर्चुअल रैली के विरोध में रविवार को वाम दल विश्वासघात – धिक्कार दिवस मना रहे हैं। साथ ही, वाम दलों के नेताओं के नेतृत्व में जनशक्ति भवन के सामने एक दिवसीय राज्यव्यापी धरना कार्यक्रम किया जाएगा। ये कार्यक्रम जिला मुख्यालयों में भी आयोजित किए जाएंगे।

Yuvaraj Media & Entertainment
बिहार विधानसभा चुनाव में डिजीटल प्रचार के लिए संपर्क करें:
Contact For Advt. (Still & Video), News: +91 9471005272, 8210595830

वर्ष : 06 अंक : 09+07 न्यूज़ टुडे पृष्ठ संख्या : 02 तिथि : 07 जून 2020

## मोतिहारी शहर में ब्रेन का सफल ऑपरेशन के साथ ही ब्रेन चिकित्सा का एक नया अध्याय शुरू

उपलब्धि






सम्राट, संवाददाता

मोतिहारी जैसे शहर में ब्रेन का सफल ऑपरेशन के साथ ही ब्रेन चिकित्सा का एक नया अध्याय शुरू हो गया हैं। इस क्रम में न्यूरो सर्जन डॉ. प्रदीप कुमार के साथ गायत्री नगर स्थित पाम हॉस्पिटल की मेडिकल टीम ने चिरैया के 90 वर्षीय मरीज लखनदेव कुँवर का सफल ऑपरेशन कर चंपारण में ब्रेन चिकित्सा का एक नया अध्याय शुरू कर दिया हैं।

अब चंपारण वासियों को ब्रेन चिकित्सा के लिए बड़े शहरों का रुख नहीं करना पड़ेगा। उक्त बातें पाम हॉस्पिटल के डायरेक्टर सह प्रख्यात चिकित्सक पुष्कर कुमार सिंह ने स्वागत समारोह को सम्बोधित करते हुए कहीं।

इसके पूर्व स्वागत समारोह में लॉक डाउन का पालन करते हुए सफल ऑपरेशन के बाद स्वस्थ हुए लखनदेव कुँवर व उनके परिजनों ने फूल माला व वस्त्र देकर पूरी चिकित्सीय टीम को सम्मानित करते हुए बधाई दी साथ सफलता के लिए आभार जताया।

इस अवसर पर सहकारिता मंत्री राणा रणधीर सिंह, खाद्य व्यवसायी संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष रामबाबू कुँवर, मधुबन सेंट्रल स्कूल के निदेशक रणवीर सिंह,राम विनय सिंह ने भी अत्याधुनिक व्यव्यस्था से लैस पाम हॉस्पिटल में ब्रेन चिकित्सा जैसी कठिन चिकित्सा व्यवस्था को सरल कर चंपारण में कीर्तिमान स्थापित किया हैं। इसके लिए डॉ. पुष्कर कुमार सिंह एवम डॉ. प्रदीप कुमार के साथ उनकी पूरी टीम को बधाई देते हुए उनके प्रयास की सराहना की।

## प्रसिद्ध सोमेश्वर धाम अरेराज के दर्शनार्थियों के सुरक्षार्थ ब्रावो ने ऑटोमेटिक हैंड सैनिटाइजर डिस्पेंशर, थर्मल स्कैनर,पीपीई किट व मास्क उपलब्ध कराए



अच्छी पहल




रिंकू गिरी, संवाददाता

वैश्विक महामारी कोरोना से संक्रमित पूरा विश्व और जूझते पूरे देश तथा बदलती हुई परिस्थिति में मंदिर के पट सोमवार से खुलने लगेंगे। दर्शनार्थियों की भीड़ मंदिरों में कतारबद्ध होने लगेगी ऐसी परिस्थिति में भक्तों, पंडो एवम पुजारियों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए ब्रावो फाउंडेशन के मुख्य संरक्षक सह ब्रावो फार्मा के चेयरमैन राकेश पांडेय के द्वारा पूर्वी चम्पारण के प्रसिद्ध देव भूमि बाबा सोमेश्वरनाथ धाम अरेराज के मंदिर प्रांगण में महंथ रविशंकर गिरी को एक ऑटोमेटिक हैंड सैनिटाइजर डिस्पेंशर, एक थर्मल स्कैनर, पाँच पीपीई किट व पाँच सौ मास्क उपलब्ध कराया गया है ताकि सोमवार से सुरक्षित दर्शन प्रारंभ हो सके।

श्री पांडेय के द्वारा किये गए इस पुनीत कार्य के लिए महंथ रविशंकर गिरी ने भूरी भूरी प्रशंसा करते हुए कहा कि पूरे जिले में विगत मार्च से ही कोरोना संक्रमण से बचाव हेतु अनेको नेक कार्य ब्रावो फाउंडेशन के द्वारा किया जा रहा है इस पुनीत कृत्य के लिए ब्रावो फाउंडेशन व श्री राकेश पांडेय को शुभकामना व आशीर्वाद देते हैं।

वही श्री पांडेय ने कहा कि आने वाले समय में मंदिर प्रशासन को आवश्कतानुसार और भी कोरोना से बचाव हेतु उपकरण एवम अन्य सुरक्षात्मक सामान उपलब्ध करा दिया जाएगा।

मौके पर फाउंडेशन के शैलेन्द्र मिश्र बाबा, नीरज कुमार, जितेंद्र गिरी, विवेक सिंह, वीरेन्द्र प्रसाद साहू, सोनू तिवारी, रविकेश, राहुल आर गुप्ता, रवि सिंह, आर एस राहुल, गुलशन कुमार, अभिषेक, सोनू ,आशीष कुमार इत्यादि मौजूद थे जो मंदिर परिक्षेत्र एवम अरेराज बाजार के तमाम दुकानदारों एवम आमजनों के बीच मास्क का वितरण कर कोरोना से बचाव के लिए जागरूक भी किये साथ ही साथ तुरकौलिया के बाजार में भी मास्क वितरण का कार्य सम्पन्न किये।

## प्रत्येक बूथ एवं शक्ति केंद्रों पर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की वर्चुअल रैली से आप सभी अवश्य जुड़ें : राधामोहन






आशीष राज, स्थानीय संपादक,

रेलवे स्टैंडिंग कमिटी के चेयरमैन, पूर्व केंद्रीय कृषि मंत्री सह मोतिहारी सांसद राधा मोहन सिंह ने कहा कि आगामी 07 जून को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की वर्चुअल रैली को सफल बनाना है। प्रत्येक बूथ एवं शक्ति केंद्रों पर इस वर्चुअल रैली से आप सभी अवश्य जुड़ें। इसके साथ ही क्वारंटाइन सेंटर पर रह रहे प्रवाली लोगों की सेवा में सहयोग करें।

आगामी 11 जून को प्रधानमंत्री के पत्र एवं मोदी सरकार की उपलब्धियों का पत्रक लेकर प्रत्येक परिवारों में जाएं एवं परिवार के प्रमुख सदस्य का फोन नंबर एवं वॉट्सएप नंबर भी अवश्य नोट कर लें। सांसद श्री सिंह मोतिहारी गांधी कॉम्प्लेक्स में आज मोतिहारी विधान सभा के शक्ति केन्द्र प्रमुखों के साथ बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि लॉक डाउन में जहां दूसरी राजनीतिक पार्टियों के लोग भय से घर में बंद थे वहीं भाजपा के कार्यकर्ता और नेताओं ने मास्क, साबुन और सेनेटाइजर वितरण के महत्वपूर्ण कार्य को अंजाम दिया। इनकी मेहनत से करीब दो लाख मास्क,साबुन और सेनेटाइजर का वितरण पूर्ण किया गया।

इस अवसर पर बिहार सरकार के कला–संस्कृति मंत्री प्रमोद कुमार, जिलाध्यक्ष प्रकाश अस्थाना, जिला महामंत्री द्वय डॉ०लालबाबू प्रसाद एवं मार्तण्ड नारायण सिंह,जिलाध्यक्ष भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा मोहिब्बुल हक, मीडिया प्रभारी गुलरेज शहजाद,जिला संयोजक आईटी सेल पंकज सिन्हा मोतिहारी विधानसभा के सभी छह मंडल अध्यक्षों नगर अध्यक्ष उत्तरी मंडल योगेन्द्र प्रसाद, नगर अध्यक्ष दक्षिणी मंडल रविभूषण श्रीवास्तव, लखौरा मंडल अध्यक्ष पुण्यदेव पंडित ,मोतिहारी मुफस्सिल मंडल अध्यक्ष मैनेजर सिंह, ढेकहाँ वीरबहादुर सिंह सहित सभी मंडल महामंत्री, मोर्चों के अध्यक्ष, आईटी संयोजक उपस्थित थे। वहीं गोविंदगंज विधान सभा की बैठक अरेराज में एवं हरसिद्धि विधान सभा की बैठक हरसिद्धि में हुई। अरेराज में सुनील मणि तिवारी एवं हरसिद्धि में पूर्व जिलाध्यक्ष राजेन्द्र गुप्ता भी उपस्थित थे।

## लॉक डाउन के दौरान पैदल चल कर प्रदेश में अपने घर पहुचने के दौरान जिस प्रवासी की मौत हो गयी उनके परिवार को उचित मुआवजा, इंदिरा आवास एवं किसी एक ब्यक्ति को सरकारी नौकरी दिलाने हेतु कांग्रेस का धरना






संतोष राऊत न्यूज टुडे,

अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर प्रखंड कांग्रेस अध्यक्ष रमेश कुमार श्रीवास्तव की अध्यक्षता में चकिया प्रखंड कार्यलय परिसर में आज धरना दिया गया। अध्यक्ष श्री श्रीवास्तव ने कहा कि केंद्र व राज्य सरकार बाहर से आने वाले प्रवासी मजदूरों के साथ न्याय नहीं कर रही है। उन्हें भूखे मरने पर मजबूर कर दिया है।
उन्होंने राज्य सरकार से मांग किया कि लॉक डाउन के दौरान जो मजदूर अपने संसाधन व पैदल चल कर प्रदेश में अपने घर पहुचने के दौरान जिस प्रवासी की मौत हो गयी। राज्य सरकार मृतक प्रवासी मजदूर की सूची प्रदेश कांग्रेस पार्टी कार्यालय, जिला कांग्रेस पार्टी कार्यालय व प्रखंड पार्टी कार्यालय को उपलब्ध कराए। जिससे पार्टी उन मृतक प्रवासी मजदूर परिवार को कांग्रेस पार्टी की तरफ से मदद पहुचा सके। साथ ही पार्टी की तरफ से राज्य सरकार से आग्रह किया गया कि मृतक के परिवार को उचित मुआवजा एवं इंदिरा आवास यथाशीघ्र दिया जाय, मृतक के आश्रित किसी एक व्यक्ति को सरकारी नौकरी दिया जाय। सभी प्रवासी श्रमिकों को सुरक्षित एवं शीघ्र उनके घर लाया जाये व उनके खाने पीने की व्यवस्था सुनिश्चित हे।
उन्होंने मांग पत्र प्रधान सचिव आपदा प्रबंधन बिहार सरकार, मुख्यमंत्री बिहार सरकार सहित अन्य का ज्ञापन बीडीओ को सौंपा। मौके पर मो आजाद आलम, मणिभूषण प्रसाद, मो शमीम आलम, सुरेश रविन्द्र प्रताप सिंह, मो मुमताज आलम, मधुकर पांडेय, आकाश सिंह, मदन पांडेय, राजा आलम, सैफ अली, रितेश कुमार सहित अन्य मौजूद थे।

## बीजेपी नेता राजन मिश्र पंचायती राज प्रकोष्ठ का प्रदेश सह संयोजक मनोनीत, बधाइयों का तांता लगा






उपलब्धि

सुनील चौधरी, संवाददाता,

पूर्व जीप सदस्य सह बीजेपी नेता राजन मिश्र को प्रदेश अध्यक्ष सह सांसद संजय जयसवाल ने बीजेपी पंचायती राज प्रकोष्ठ का प्रदेश सह संयोजक मनोनीत किया हैं। इसकी जिले में जानकारी मिलते ही भाजपा नेताओं में खुशी की लहर दौड़ गयी है। कई जगहों पर राजन के मनोनय की खुशी में बीजेपी कार्यकर्ताओं ने लोगों का मुंह भी मीठा कराते हुए उन्हें बधाई दी।

बधाई देने वालो में सांसद राधामोहन सिंह, मंत्री प्रमोद कुमार, जिला अध्यक्ष प्रकाश अस्थाना, सुनील मणी तिवारी, राजेंद्र गुप्ता, प्रदेश नेता अखिलेश सिंह, राजा ठाकुर, जिला मीडिया प्रभारी गुलरेज शहजाद, संग्रामपुर प्रखण्ड अध्यक्ष वकील कुमार चौधरी,डॉ. नरेंद्र मिश्र, परमानन्द पांडेय,नवालीक कुमार गिरि, रणजीत पासवान, यशवंत पांडेय, भृगुन पासवान,रविन्द्र सिंह, राहुल कुमार सिंह समेत कई लोगों ने बधाई दी है।




## भारत नेपाल सीमा पर अवस्थित वाल्मीकिनगर संगम तट बेलवा घाट परिसर में 74 वीं नारायणी गंडकी महाआरती सम्पन्न






अमरेन्द्र मिश्रा, संवाददाता

भारत नेपाल सीमा पर अवस्थित वाल्मीकिनगर संगम तट बेलवा घाट परिसर में 74 वीं नारायणी गंडकी महाआरती की गई। जेठ पूर्णिमा, संत कबीर जयंती एवं विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर स्वरांजलि सेवा संस्थान द्वारा आयोजित यह महाआरती सामाजिक दूरी के साथ सांकेतिक रूप से की गई।
कार्यक्रम के पूर्व स्वरांजलि रिकॉर्डिंग स्टूडियो परिसर में मैनाटांड़ प्रखंड के अंचलाधिकारी अनिल भूषण एवं प्रखंड विकास पदाधिकारी राज किशोर प्रसाद शर्मा को वैश्विक महामारी के इस दौर में बेहतर कार्य करने हेतु नारायणी गंडकी सम्मान से सम्मानित किया गया। इन्हें प्रशस्ति पत्र, अंगवस्त्रम के साथ–साथ पश्चिम चंपारण के उप विकास आयुक्त रविंद्र नाथ प्रसाद सिंह द्वारा लिखित मोटिवेशनल पुस्तक व्यक्तित्व निर्माण भेंट किया गया।

एकल महाआरती करते हुए संस्था के मैनेजिंग डायरेक्टर संगीत आनंद ने कहा कि आज का दिन ऐतिहासिक है। विश्व पर्यावरण दिवस के मौके पर हम सभी वृक्षारोपण और प्राकृतिक धरोहरों की रक्षा का संकल्प लेते हैं। इस महा आरती के मुख्य उद्देश्यों में पर्यावरण संरक्षण संवर्धन के प्रति लोगों में जागरूकता पैदा करना भी शामिल है।

चर्चित अभिनेता डी. आनंद ने कहा कि अब तक संस्था के प्रयासों से पर्यावरण प्रेमियों द्वारा भारत नेपाल में हजारों वृक्षारोपण के कार्य कराए गए हैं। शिवाला घाट त्रिवेणी धाम नेपाल में कोटि होम आश्रम नेपाल के पीठाधीश संत गुरु वशिष्ट जी महाराज के नेतृत्व में सोशल डिस्टेंसिंग के साथ महाआरती की परंपरा का निर्वाह किया गया। महाआरती कमेटी नेपाल के अध्यक्ष सत्यदेव पांडे, कोषाध्यक्ष मोतीलाल ढकाल, सचिव भैरव प्रसाद शर्मा, रंता काफले, सफला नेपाल, गायक निर्मल अमात्य, ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। भारत नेपाल के दोनों घाटों पर संत कबीर एवं विश्व विश्व पर्यावरण दिवस के महत्व पर चर्चा की गई। समाजसेवी विनोद मद्धेशिया एवं गौ पालक राजेश यादव ने संयुक्त रूप से महाप्रसाद का इंतजाम किया।











